www.prepp.in
UPSSSC VDO Re Exam June 27, 2023 (Shift 2) Question Paper
Prepp Your Personal Exams Guide



हिन्दी परीक्षण एवं लेखन योग्यता

1. निम्नलिखित में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में हुआ है ?
(A) निराशा (B) निष्कासन
(C) निष्फल (D) निगम

2. यह किस क्रिया के उदाहरण हैं ?
1. 'सुरेश ने फल खरीदे।'
2. 'राम ने रावण को मारा।'
(A) अकर्मक क्रिया (B) नकारात्मक क्रिया
(C) पूर्वकालिक क्रिया (D) सकर्मक क्रिया

3. अधोलिखित में से किस वाक्य में सम्प्रदान कारक का प्रयोग है ?
(A) मैंने अपने पिताजी को अस्पताल में भरती करा दिया है।
(B) लेखक आज-कल उपन्यास लिखने में व्यस्त है।
(C) अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिलती रही है।
(D) तुम अपने काम को ठीक तरह से पूरा करो।

4. 'इस समय श्याम आता होगा' इस वाक्य में क्रिया का काल कौन सा है ?
(A) सामान्य वर्तमान (B) संभाव्य वर्तमान
(C) संदिग्ध वर्तमान (D) तात्कालिक वर्तमान

5. निम्नलिखित में से कौन सा सामासिक युग्म सही है ?
(A) बेमिसाल – द्वंद्व समास
(B) दुरात्मा – द्विगु समास
(C) कर्महीन – तत्पुरुष समास
(D) चतुरानन – अव्ययीभाव समास

6. 'अब लौ नसानी अब न नसैहों', इसमें कौन सा रस है ?
(A) करुण रस (B) अद्भुत रस
(C) शांत रस (D) वीर रस

7. 'मृत्तिका' शब्द का तद्भव रूप कौन सा है ?
(A) माठी (B) मिटती
(C) मुट्ठी (D) मिट्टी

8. "काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द खिले", इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
(A) उपमा अलंकार (B) रूपक अलंकार
(C) श्लेष अलंकार (D) यमक अलंकार

9. इनमें से 'आगार' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा नहीं है ?
(A) घर (B) धाम
(C) भवन (D) आवास

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से दें : (प्र. 10-14)

सच्ची मित्रता जितनी बहुमूल्य होती है, उसे बनाए रखना भी उतना ही कठिन है। इस मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्त्व हैं सहिष्णुता और उदारता। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ कमी रहती ही है। पूर्ण निर्दोष और सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति कोई भी नहीं होता। अतः मित्र के अवगुणों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है। आज भौतिकवादी युग है। इस युग में सच्चे मित्र का मिलना वैसे भी कठिन है। अधिकतर मित्र अपना उल्लू सीधा करने के लिए मित्रता का स्वाँग रचते हैं और अपना काम बन जाने के बाद अँगूठा दिखाकर चलते बनते हैं। ऐसे मित्र सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं। अतः शास्त्रों का मत है कि ऐसे मित्र मुख पर अमृत वाले विष से भरे घट के समान त्याज्य हैं। रामचरितमानस में कहा गया है – 'जे न मित्र दुख होंहिं दुखारी। तिन्हहिं बिलोकत पातक भारी ॥'

10. कैसे मित्र विष से भरे घट के समान त्याज्य होते हैं ?
(A) जो मित्र सिर्फ अप्रिय वचन बोलते हैं।
(B) जो मित्र सिर्फ चुप रहते हैं।
(C) जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं।
(D) जो मित्र सिर्फ सच बोलते हैं।

11. 'विषवमन' शब्द कौन से समास का उदाहरण है ?
(A) द्वंद्व समास (B) बहुव्रीहि समास
(C) अव्ययीभाव समास (D) तत्पुरुष समास

12. 'पातक' शब्द का विलोम निम्नलिखित में से कौन सा शब्द है ?
(A) पुण्य (B) उपकार
(C) अपराध (D) पाप

13. मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए ........ सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व हैं। (उपयुक्त शब्दों से वाक्य पूरा कीजिए।)
(A) उधार लेना उधार देना
(B) समय पर सहायता न करना
(C) सहिष्णुता और उदारता
(D) बुराई करना और गुणों को छुपाना

14. किस कारण से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है ?
(A) दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से
(B) स्पष्ट और सीधी बात कहने से
(C) असहयोग करने से
(D) झूठी प्रशंसा करने से

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कवि/कवयित्री की हैं ?
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेमबेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गई, आणंद फल होयी
(A) कबीरदास (B) सुभद्राकुमारी चौहान
(C) महादेवी वर्मा (D) मीराबाई

16. हिंदी की उप-भाषा कौन सी नहीं है ?
(A) पूर्वी हिंदी (B) पहाड़ी
(C) पश्चिमी हिंदी (D) मालवी

17. निम्नलिखित में कौन सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है ?
(A) हल् सन्धि (B) वृद्धि सन्धि
(C) दीर्घ संधि (D) गुण सन्धि

18. किस व्यंजन के उच्चारण में जिव्हा तालु से नहीं टकराती है ?
(A) ज (B) श
(C) च (D) घ

19. पत्र-लेखन के बारे में कौन सा विकल्प सही नहीं लगता ?
(A) अपने से छोटों को पत्र लिखते समय समापन (उपसंहार) तुम्हारा / तुम्हारी शुभचिंतक / शुभाकांक्षी / हितैषी जैसे शब्दों से होना चाहिए।
(B) सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन सादर नमस्ते लिखा जाना चाहिए।
(C) पिताजी, माताजी और अन्य बड़े लोगों के लिए पत्र में आदरणीय / पूज्य जैसे शब्दों से प्रशस्ति होनी चाहिए।
(D) वैयक्तिक पत्रों में औपचारिकता नहीं होती है।

20. कवि भूषण किस काल के कवि थे ?
(A) भक्तिकाल (B) आधुनिक काल
(C) आदिकाल (D) रीतिकाल

21. निम्नलिखित में अन्त:स्थ व्यंजन कौन से हैं ?
(A) य र ल व (B) क्ष त्र ज्ञ विसर्ग(:)
(C) इ च छ ऋ (D) श ष स ह

22. 'घुमक्कड़ शास्त्र' की रचना किसने की है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन (B) प्रेमचंद
(C) महादेवी वर्मा (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

23. कौन सी कहानी प्रेमचंद की नहीं है ?
(A) झूठा सच (B) ईदगाह
(C) परीक्षा (D) बड़े भाई साहब

24. कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न(;) का नाम क्या है ?
(A) उद्धरण चिह्न (B) अल्पविराम
(C) निर्देशक चिह्न (D) अर्द्धविराम

25. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है ?
(A) प्रशंसा - निंदा (B) स्वकीय - परकीय
(C) सज्जन - दुर्जन (D) प्रलय - ध्वंस

26. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है ?
हे सारथे ! हे द्रोण क्या, देवेंद्र भी आकर अड़ें,
है खेल क्षत्रिय बालकों का, व्यूह-भेदन कर लड़ें।
मैं सत्य कहता हूँ सखे ! सुकुमार मत जानो मुझे,
यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे।
(A) वीर रस (B) करुण रस
(C) श्रृंगार रस (D) भयानक रस

27. "रहिमन पानी राखिए बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरे मोती मानस चून॥"
दोहे की नीचे की पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
(A) मानवीकरण अलंकार
(B) अनुप्रास अलंकार
(C) श्लेष अलंकार
(D) उपमा अलंकार

28. 'दक्षिण' शब्द का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है ?
(A) वाम (B) दायाँ
(C) पश्चिम (D) पूरब

29. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?
(A) बुरे मार्ग पर चलने वाला - कुमार्गी
(B) छुटकारा दिलाने वाला - त्राता
(C) आकाश में घूमने वाला - आकाशवृत्ति
(D) जिसे करना कठिन हो - दुष्कर

30. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है ?
(A) प्रयाप्त (B) याज्ञवल्क्य
(C) परिक्षण (D) मतन्तर

31. निम्न में से 'प्रज्ञा और मनीषा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है ?
(A) विवेक (B) मेधा
(C) मति (D) विधाता

32. 'नद्यागम' शब्द का संधि-विग्रह है-
(A) नद्य + आगम (B) नदि + आगम
(C) नदी + आगम (D) नद्या + गम

33. 'आजकल लेखक उपन्यास लिख रहा है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है ?
(A) करण कारक (B) सम्प्रदान कारक
(C) कर्म कारक (D) अपादान कारक

34. 'नाला' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द निम्नलिखित में से क्या है ?
(A) नालिया (B) नालिए
(C) नाली (D) नालि

35. 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे
(B) मजबूत और सुदृढ़ टाँगों वाला
(C) स्थिर कदम जो कभी विचलित नहीं होते
(D) राम का परम भक्त

36. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है ?

| | शब्द-युग्म | अर्थ-भेद |
|---|---|---|
| (A) | अनिल - अनल | हवा - आग |
| (B) | अवलंब - अविलम्ब | सहारा - विलम्ब |
| (C) | आवरण - आभरण | ढँकना - आभूषण |
| (D) | अपेक्षा - उपेक्षा | इच्छा - लापरवाही |

37. 'राखनहार' शब्द में निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का प्रत्यय है ?
(A) तद्धित प्रत्यय
(B) कृदंत प्रत्यय
(C) क्रिया प्रत्यय
(D) कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय

38. 'प्रदुमन' शब्द की शुद्ध वर्तनी है –
(A) प्रद्युम्न (B) प्रद्युमन
(C) प्रदुम्न (D) प्रदूमन

39. निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(A) बालक छत में खेल रहे हैं।
(B) श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई।
(C) एक किताब कहानी की दे दीजिए।
(D) आप क्या किताब पढ़ेंगे ?

40. 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ बताइये।
(A) सच्चे व्यक्ति को हर कोई झुठला सकता है।
(B) सच्चे व्यक्ति से सभी व्यक्ति प्रसन्न होते हैं।
(C) सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं।
(D) सच्चे व्यक्ति को डरने की आवश्यकता है।

41. 'चाम' का तत्सम रूप क्या है ?
(A) चर्म (B) चमड़ा
(C) चरम (D) चार्म

42. निम्नलिखित में से 'बंध्या' शब्द का तद्भव रूप क्या है ?
(A) बांध (B) बंझा
(C) बाँझ (D) बंध

43. 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ क्या है ?
(A) निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति
(B) अत्यन्त अनुभवी होना
(C) बनी बात बिगाड़ देना
(D) घर की आशा होना

44. 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।' किस वाक्य का उदाहरण है ?
(A) मिश्र वाक्य (B) प्रश्नवाचक वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) सरल वाक्य

45. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) जोगी (B) नर्मदा
(C) अमावस्या (D) वक्त्री

46. निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची हैं ?
(A) कमला, ज्योति, रोशनी
(B) मतंग, कुंजर, कपीश्वर
(C) कुटिल, दुर्जन, इंदीवर
(D) शशि, शशांक, सुधांशु

47. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द है ?
(A) कंगन (B) कचहरी
(C) कुक्कुर (D) कछुआ

48. 'अंकेक्षक' शब्द के लिए सही वाक्यांश क्या है ?
(A) अंक (गोद) में खेलने वाला बच्चा
(B) अंकों की गणना करने वाला
(C) अंकों के साथ खेलने वाला
(D) आय-व्यय के आंकड़ों की जाँच करने वाला

49. निम्नलिखित विकल्प में से कौन सा वाक्य मिश्रित वाक्य का उदाहरण है ?
(A) जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।
(B) छोटी बच्ची साइकिल चलाती थी।
(C) मैं छुटपन में साइकिल चलाती थी।
(D) मैं छोटी थी और साइकिल चलाती थी।

50. 'प्रसाद-प्रासाद' युग्म का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) कृपा - पूजा की सामग्री
(B) महल - महानता
(C) फल - कृपा
(D) कृपा - महल

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide



## सामान्य बुद्धि परीक्षण / General Intelligence Test

**51.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करें और तय करें कि उनमें से कौन सा तर्कपूर्ण संदेह से परे कथन में दी गई जानकारी का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है ।

**कथन :** एक दिवसीय क्रिकेट मैच में, एक टीम द्वारा बनाए गए कुल रन 200 थे । इनमें से 160 रन स्पिनरों द्वारा बनाए गए थे ।

**निष्कर्ष :** I. टीम में 80% स्पिनर्स हैं ।

II. सलामी बल्लेबाज स्पिनर थे ।

(A) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।

(B) यदि दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं ।

(C) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।

(D) यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है ।

In question below is given a statement followed by two conclusions I and II. You have to assume everything in the statement to be true, then consider the two conclusions together and decide which of them logically follows beyond a reasonable doubt from the information given in the statement.

**Statement :** In one day cricket match, the total runs made by a team were 200. Out of these 160 runs were made by spinners.

**Conclusions :**

I. 80% of the team consists of spinners.

II. The opening batsmen were spinners.

(A) If only conclusion II follows.

(B) If both conclusions I and II follow.

(C) If only conclusion I follows.

(D) If neither I nor II follows.

**52.** कागज के एक टुकड़े को मोड़कर काटा जाता है, जैसा कि नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है । दी गई उत्तर आकृति से बताइए कि खोलने पर यह कैसी दिखाई देगी ।

A piece of paper is folded and punched as shown below in the question figures. From the given answer figure, indicate how it will appear when opened.

**प्रश्न आकृतियाँ /Question Figures**



**उत्तर आकृतियाँ /Answer Figures**

(A)  (B) 

(C)  (D) 

**53.** निम्नलिखित आरेख में, आयत सरकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है, त्रिभुज शहरी लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वृत्त स्नातकों का प्रतिनिधित्व करता है और वर्ग क्लर्कों का प्रतिनिधित्व करता है ।

In the following diagram, rectangle represents government employees, triangle represents urban people, circle represents graduates and square represents clerks.




उपरोक्त आरेख पर विचार करते हुए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) सभी सरकारी कर्मचारी क्लर्क हैं ।

(B) सभी सरकारी कर्मचारी स्नातक हैं ।

(C) सभी क्लर्क सरकारी कर्मचारी हैं लेकिन स्नातक नहीं हैं ।

(D) कुछ सरकारी कर्मचारी स्नातक के साथ-साथ क्लर्क भी हैं ।

Which of the following statement is true considering above diagram ?

(A) All government employees are clerks.

(B) All government employees are graduates.

(C) All clerks are government employees but not graduates.

(D) Some government employees are graduates as well as clerks.

**54.** यह आरेख एक गाँव में युवाओं के तीन वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है । कितने शिक्षित युवा गरीब हैं ?

The figure represents three classes of youth in a village. How many educated youth are poor ?




(A) 9 (B) 19

(C) 14 (D) 6

**55.** एक घन, जिसके फलकों पर अक्षर लिखे हुए हैं, नीचे विभिन्न स्थितियों में दिखाया गया है, जैसा कि विभिन्न दिशाओं से देखा जा सकता है । लुप्त अक्षर का पता लगाएं ।

A cube, on whose sides letters have been written, is shown below in different positions as can be seen from different directions. Find the missing letter.




(A) D (B) W

(C) S (D) Y

**56.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन है, जिसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं । आपको तय करना है कि कौन सा तर्क एक मजबूत तर्क है और कौन सा एक कमजोर तर्क है :

**कथन :**

क्या कॉलेज/विश्वविद्यालय में छात्र संघ होना चाहिए ?

**तर्क :**

I. नहीं । इससे कैंपस में राजनीतिक माहौल बनेगा ।

II. हाँ । यह बहुत जरूरी है । छात्र भविष्य के राजनीतिक नेता हैं ।

(A) यदि केवल तर्क II मजबूत है ।

(B) यदि I और II दोनों मजबूत हैं ।

(C) यदि केवल तर्क I मजबूत है ।

(D) यदि या तो I या II मजबूत है ।

Question given below consists of a statement, followed by two arguments I and II. You have to decide which of the arguments is a strong argument and which is a weak argument :

**Statement :**

Should there be students' union in college/university ?

**Arguments :**

I. No. This will create a political atmosphere in the campus.

II. Yes. It is very necessary. Students are future political leaders.

(A) If only argument II is strong.

(B) If both I and II are strong.

(C) If only argument I is strong.

(D) If either I or II is strong.

**57.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन है, जिसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं । आपको तय करना है कि कौन सा तर्क एक मजबूत तर्क है और कौन सा एक कमजोर तर्क है :

**कथन** : क्या जीतना हिस्सा लेने से अधिक महत्वपूर्ण है ?

**तर्क :**

I. हाँ, सभी खिलाड़ी अब पेशेवर हैं जो अपनी उत्तरजीविता के लिए केवल पुरस्कार राशि पर निर्भर हैं ।

II. नहीं, भारत में क्रिकेटर्स मैच फीस से ज्यादा बेचान (एंडोर्समेंट) से कमाते हैं ।

(A) यदि केवल तर्क II मजबूत है ।

(B) यदि दोनों तर्क I और II मजबूत हैं ।

(C) यदि केवल तर्क I मजबूत है ।

(D) यदि न तो तर्क I और न ही II मजबूत है ।

Question given below consists of a statement, followed by two arguments I and II. You have to decide which of the arguments is a strong argument and which is a weak argument :

**Statement** : Is winning more important than participation ?

**Arguments :**

I. Yes, all sports persons are now professionals who solely depend upon the prize money for their survival.

II. No, cricketers in India earn more from endorsements than from match fee.

(A) If only argument II is strong.

(B) If both arguments I and II are strong.

(C) If only argument I is strong.

(D) If neither argument I nor II is strong.

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

58. पाँच व्यक्ति अमन, बमन, चिराग, दीपक और गौतम एक पत्रिका पढ़ते हैं। जो पहले पढ़ता है वह इसे चिराग को देता है और जो सबसे अंत में पढ़ता है उसने इसे अमन से लिया है। गौतम पहले या आखिरी पढ़ने वाला नहीं है। बमन और अमन के बीच दो पढ़ने वाले हैं। उस व्यक्ति का पता लगाएँ, जिसने सबसे अंत में पत्रिका को पढ़ा।

(A) दीपक

(B) गौतम

(C) चिराग

(D) बमन

Five persons Aman, Baman, Chirag, Dipak and Gautam read a magazine. The one who reads first gives it to Chirag and the one who reads last has taken it from Aman. Gautam is not the first or last to read. There are two readers between Baman and Aman. Find the person who reads the magazine last.

(A) Dipak

(B) Gautam

(C) Chirag

(D) Baman

59. दी गई आकृति में कितने चतुर्भुज हैं ?

How many quadrilaterals are there in this given figure ?



(A) 12

(B) 17

(C) 15

(D) 10

**निर्देश (प्रश्न 60-62) :** निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

पाँच व्यक्ति – उत्तम, रोनित, पुनीत, गरुण और निकिल अलग-अलग कारों के मालिक हैं – ब्रेज़ा, स्विफ्ट, क्रेटा, इकोस्पोर्ट और डस्टर लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। प्रत्येक कार का अलग-अलग रंग है – लाल, नीला, सफेद, काला और हरा लेकिन जरूरी नहीं इसी क्रम में हो।

पुनीत के पास डस्टर है लेकिन उनके पास नीले या हरे रंग की कार नहीं है। न तो उत्तम और न ही निकिल इकोस्पोर्ट के मालिक हैं। गरुण, जिनके पास न तो स्विफ्ट है और न ही इकोस्पोर्ट, सफेद रंग की कार के मालिक हैं। वह व्यक्ति जिसके पास इकोस्पोर्ट है वह काले रंग की कार का मालिक है। गरुण के पास क्रेटा नहीं है।

**Direction (Q. 60-62) :** Read the following information and answer the questions :

Five persons – Uttam, Ronit, Punit, Garun and Nikil own different cars – Brezza, Swift, Creta, Ecosport and Duster but not necessarily in the same order. Each car has different colour – Red, Blue, White, Black and Green but not necessarily in the same order.

Punit owns a Duster but he doesn't own a Blue or Green coloured car. Neither Uttam nor Nikil owns Ecosport. Garun, who owns neither Swift nor Ecosport, owns White coloured car. The one who owns Ecosport owns a Black coloured car. Garun does not own a Creta.

60. डस्टर का रंग कैसा है ?

(A) नीला (B) सफेद

(C) लाल (D) हरा

What is the colour of Duster ?

(A) Blue (B) White

(C) Red (D) Green

61. यदि उत्तम के पास स्विफ्ट है तो निकिल की कार का रंग क्या है ?

(A) हरा

(B) निर्धारित नहीं किया जा सकता है ।

(C) लाल

(D) नीला

If *Uttam owns* Swift then what is the colour of car owned by Nikil ?

(A) Green

(B) Can't be determined.

(C) Red

(D) Blue

62. निम्नलिखित में से कौन इकोस्पोर्ट का मालिक है ?

(A) गरुण (B) निकिल

(C) उत्तम (D) रोनित

Who among the following owns Ecosport ?

(A) Garun (B) Nikil

(C) Uttam (D) Ronit

63. अंग्रेजी वर्णमाला की निम्नलिखित व्यवस्था का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

U Q N K L D I M Y V B X P Z E O W T C F S J R H A G

उपरोक्त व्यवस्था में अपनी स्थिति के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं । कौन सा उस समूह से संबंधित नहीं है ?

Study the following arrangement of the English alphabet and answer the question given below :

U Q N K L D I M Y V B X P Z E O W T C F S J R H A G

Three of the following four options are alike in a certain way based on their position in the above arrangement and hence form a group. Which one does not belong to that group ?

(A) VXM (B) LNI

(C) YIB (D) SCR

64. दिए गए कथन और निम्नलिखित धारणाओं को पढ़ें और तय करें कि कौन सी धारणा कथन में निहित है । सही विकल्प चुनें ।

कथन : "परीक्षा में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करें ।" A, B को सलाह देता है ।

धारणाएँ :

I. B, A की सलाह सुनता है ।

II. परीक्षा उत्तीर्ण करना वांछनीय है ।

III. कठिन अभ्यास सफलता की ओर ले जाता है ।

(A) केवल I और III निहित हैं ।

(B) इनमें से कोई नहीं

(C) केवल I और II निहित हैं ।

(D) सभी I, II और III निहित हैं ।

Read the given statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement. Choose the CORRECT option.

**Statement :** "Work hard to be successful in examination." A advises B.

**Assumptions :**

I. B listens to A's advice.

II. Passing the examination is desirable.

III. Hard practice leads to success.

(A) Only I and III are implicit.

(B) None of these

(C) Only I and II are implicit.

(D) All I, II and III are implicit.

65. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें :

7 2 9 6 3 7 3 9 7 7 3 9 7 3 2 2 1 3 3 9 3 7 3 9 3 9

ऐसे कितने 3 हैं जिनके ठीक पहले 7 और ठीक बाद में 9 है ?

(A) चार (B) तीन

(C) दो (D) पाँच

Refer to the following number series and answer the question :

7 2 9 6 3 7 3 9 7 7 3 9 7 3 2 2 1 3 3 9 3 7 3 9 3 9

How many 3's are there that are immediately preceded by 7 and immediately followed by 9 ?

(A) Four (B) Three

(C) Two (D) Five

66. दी गई शृंखला में समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

Find the missing number in the given series following the same pattern :

21, 13, 40, -24, 101, (?)

(A) -121 (B) 129

(C) 119 (D) -115

67. छह पुस्तकों - अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, कंप्यूटर, गणित और संस्कृत प्रत्येक में अलग-अलग पृष्ठों की संख्या है। कंप्यूटर की पुस्तक में केवल दो पुस्तकों की तुलना में कम पेज हैं। अंग्रेजी की पुस्तक में विज्ञान की पुस्तक से ज्यादा लेकिन संस्कृत की पुस्तक से कम पेज हैं। विज्ञान की पुस्तक में सबसे कम पन्ने नहीं हैं। संस्कृत पुस्तक में हिंदी पुस्तक की तुलना में कम पृष्ठ है। वह पुस्तक, जिसमें तीसरे सबसे कम पृष्ठ हैं, में 28 पृष्ठ हैं।

कितनी पुस्तकों में विज्ञान की पुस्तक से अधिक पृष्ठ हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन

Six books - English, Hindi, Science, Computer, Maths and Sanskrit each contains different number of pages. Computer book contains fewer pages than only two books. English book contains more pages than Science book but less than Sanskrit book. Science book does not contain least pages. Sanskrit book contains fewer pages than Hindi book. The book, which contains third lowest pages contains 28 pages.

How many book(s) contains more pages than Science book ?

(A) Two (B) Four

(C) One (D) Three

68. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

गर्व शशि का बेटा है। हरि मनु के पिता हैं। गर्व की शादी देवी से हुई है। गर्व और मनु भाई-बहन हैं। प्रेम देवी का भाई है। शशि का एक ही बेटा है। राकेश गर्व का बेटा है। प्रेम करन के पिता हैं। जानवी मनु की बेटी है। प्रेम की कोई बेटी नहीं है।

परिवार में कितने विवाहित जोड़े हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन

Study the following information carefully and answer the question given below it :

Garv is the son of Sashi. Hari is the father of Manu. Garv is married to Devi. Garv and Manu are siblings. Prem is the brother of Devi. Sashi has only one son. Rakesh is the son of Garv. Prem is the father of Karan. Janvi is the daughter of Manu. Prem has no daughters.

How many married couples are there in the family ?

(A) Two (B) Four

(C) One (D) Three

69. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो धारणाएँ I और II दी गई हैं। कथन पर विचार करें और निश्चित करें कि दी गई धारणाओं में से कौन सी निहित है।

कथन : अनिल ने संजय को ट्रेन से मुंबई होते हुए गोवा जाने की सलाह दी।

धारणाएँ : I. संजय गोवा जाना चाहता है।

II. अनिल सबको सलाह देता है।

(A) यदि केवल धारणा II निहित है।

(B) यदि न तो I न ही II निहित है।

(C) यदि केवल धारणा I निहित है।

(D) यदि I और II दोनों निहित हैं।

In the question below is given a statement followed by two assumptions I and II. Consider the statement and decide which of the given assumptions is implicit.

**Statement :** Anil advises Sanjay to go to Goa via Mumbai by train.

**Assumptions :**

**I.** Sanjay wants to go to Goa.

**II.** Anil gives advice to everyone.

(A) If only assumption II is implicit.

(B) If neither I nor II is implicit.

(C) If only assumption I is implicit.

(D) If both I and II are implicit.

70. नीचे तीन कथन और उसके बाद निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और फिर तय करें कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों में से तार्किक रूप से अनुसरण करता है। दिए गए प्रश्न के लिए, एक उपयुक्त उत्तर विकल्प को चिन्हित करें जो आपको लगता है कि सही है।

**कथन :**

a. कोई संतरे केले नहीं हैं।

b. कुछ केले सेब हैं।

c. सभी सेब फल हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ संतरे फल हैं  II. सभी फल संतरे हैं

III. कुछ केले फल हैं  IV. कुछ सेब फल नहीं हैं।

(A) केवल I और III अनुसरण करते हैं।

(B) केवल III और IV अनुसरण करते हैं।

(C) केवल I, III और IV अनुसरण करते हैं।

(D) केवल III अनुसरण करता है।

Below are given three statements followed by conclusions. You have to take the given statements to be true even if they appear to be at variance with commonly known facts, and then decide which of the conclusion(s) logically follow(s) from the given statements. For the given question, mark out an appropriate answer choice that you think is correct.

**Statements :**

a. No oranges are bananas.

b. Some bananas are apples.

c. All apples are fruits.

**Conclusions :**

I. Some oranges are fruits.

II. All fruits are oranges.

III. Some bananas are fruits.

IV. Some apples are not fruits.

(A) Only I and III follow.

(B) Only III and IV follow.

(C) Only I, III and IV follow.

(D) Only III follows.

71. एक पंक्ति में जहाँ सभी का मुख उत्तर की ओर है, प्रिया बायीं ओर से 15वें स्थान पर है और गरिमा दायीं ओर से 19वें स्थान पर है। वे अपना स्थान आपस में बदल लेते हैं और राम, जो बायीं ओर से 24वें स्थान पर बैठता है, प्रिया के नए स्थान के बायीं ओर पाँचवें स्थान पर बैठता है। पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं ?

In a row where all are facing north, Priya is 15th from the left end and Garima is 19th from the right end. They interchange their positions and Ram, who sits 24th from the left end sits at the 5th place to the left of Priya's new position. How many persons are there in the row ?

(A) 47  (B) 52

(C) 42  (D) 36

72. उस आकृति को पहचानिए जो पैटर्न को पूरा करती है :

Identify the figure that completes the pattern :




73. दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्न का उत्तर दें :

व्यस्ततम घण्टों के दौरान शहर की सड़कों पर वाहनों के रेंगने का मुख्य कारण निजी वाहनों की बढ़ती संख्या और डबल पार्किंग है जो एक बहुत ही आम दृश्य है। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि व्यस्ततम घण्टों के दौरान वाहन औसतन 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं।

दिए गए कथनों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है ?

(A) डबल पार्किंग शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं है।

(B) सरकारी वाहनों की संख्या समान रहती है।

(C) शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान वाहन 20 किमी प्रति घंटे की गति से चलते हैं।

(D) निजी वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है।

Read the given statements carefully and answer the question :

The main reason for vehicles crawling on city roads during peak hours are increasing number of private vehicles and double parking which is a very common sight. A survey reveals that vehicles move on an average at 20 kmph during peak hours.

Which of the following is true according to the given statements ?

(A) Double parking is not a violation of traffic rules in the city.

(B) The number of Government vehicles remain the same.

(C) Vehicles move at 20 kmph during 5 pm to 9 pm.

(D) The number of private vehicles have gone up.

Prepp
Your Personal Exams Guide

74. निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :
एक शब्द और संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट लाइन दी जाती है तो प्रत्येक चरण में एक विशेष नियम का पालन करते हुए उन्हें पुनर्व्यवस्थित करती है । निम्नलिखित इनपुट और पुनर्व्यवस्था का एक उदाहरण है :
Study the following information carefully and answer the given question :
A word and number arrangement machine when given an input line of words and numbers rearranges them following a particular rule in each step. The following is an illustration of input and rearrangement :
इनपुट/Input : sky forward 17 over 95 23 come 40
प्रथम चरण/Step I : come sky forward 17 over 95 23 40
द्वितीय चरण/Step II: come 95 sky forward 17 over 23 40
तृतीय चरण/Step III : come 95 forward sky 17 over 23 40
चतुर्थ चरण/Step IV : come 95 forward 40 sky 17 over 40
पाँचवाँ चरण/Step V : come 95 forward 40 over sky 17 23
छठा चरण/Step VI : come 95 forward 40 over 23 sky 17
छठा चरण उपरोक्त इनपुट की पुनर्व्यवस्था का अंतिम चरण है ।
उपरोक्त चरणों में अनुसरण किए गए नियमों के अनुसार, निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए इनपुट के लिए उपयुक्त चरण का पता लगाएँ ।
इनपुट : machine hire for 19 against 85 21 46
निम्न में से कौन सा द्वितीय चरण होगा ?
Step VI is the last step of the rearrangement of the above input.
As per the rules followed in the above steps, find out in the following question the appropriate step for the given input.
Input : machine hire for 19 against 85 21 46
Which of the following will be step II ?
(A) against 85 machine 19 hire for 21 46
(B) निर्धारित नहीं किया जा सकता है/
Cannot be determined.
(C) against 85 hire machine for 19 21 46
(D) against 85 machine hire for 19 21 46

75. यहाँ कृत्रिम भाषा से अनुवादित कुछ शब्द दिए गए हैं :
migenlasan का अर्थ है cupboard
lasanpoen का अर्थ है boardwalk
cuopdansa का अर्थ है pullman
किस शब्द का अर्थ "walkway" हो सकता है ?
Here are some words translated from an artificial language :
migenlasan means cupboard
lasanpoen means boardwalk
cuopdansa means pullman
Which word could mean "walkway" ?
(A) cuopeisel (B) poenforc
(C) poenmigen (D) lasanpoen

76. निम्नलिखित शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
1. संक्रमण 2. परामर्श
3. डॉक्टर 4. उपचार
5. स्वास्थ्य लाभ (रिकवरी)
Arrange the following words in a meaningful sequence :
1. Infection 2. Consultation
3. Doctor 4. Treatment
5. Recovery
(A) 1, 3, 2, 4, 5 (B) 3, 2, 5, 1, 4
(C) 1, 3, 4, 5, 2 (D) 1, 2, 3, 4, 5

77. दिए गए शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करें और बीच में आने वाले शब्द का चयन करें :
Arrange the given words in alphabetical order and select the one that comes in the middle :
Cover, Code, Coin, Core, Count
(A) Coin (B) Count
(C) Core (D) Code

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

78. सहकर्मियों के साथ संतुष्टि, पदोन्नति के अवसर, काम की प्रकृति और वेतन, अधिक उन्नति की ज़रूरत वाले लोगों के बीच उच्च प्रदर्शन के साथ होती है । कम उन्नति की आवश्यकताओं वाले लोगों में ऐसा कोई संबंध मौजूद नहीं है और वास्तव में पदोन्नति के अवसरों से सन्तुष्टि निम्न प्रदर्शन के साथ होती है ।

यह परिच्छेद किस कथन का सबसे अच्छा समर्थन करता है ?

(A) नौकरी से संतुष्टि और प्रदर्शन के बीच संबंध, उन्नति की आवश्यकता से नियंत्रित होता है ।

(B) संतुष्टि एक अपरिहार्य संगठनात्मक चर है ।

(C) हर संगठन में कम उन्नति की आवश्यकता वाले कुछ कर्मचारी होते हैं ।

(D) नौकरी से संतुष्टि और प्रदर्शन सीधे और बारीकी से संबंधित हैं ।

Satisfaction with co-workers, promotion opportunities, the nature of work and pay goes with high performance among those with strong growth needs. Among those with weak growth needs, no such relationship is present and in fact, satisfaction with promotion opportunities goes with low performance.

This passage best supports the statement that

(A) relationship between job satisfaction and performance is moderated by growth need.

(B) satisfaction is an inevitable organisational variable.

(C) every organisation has few employees having weak growth need.

(D) job satisfaction and performance are directly and closely related.

79. यदि '+' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '−', '−' का अर्थ '×' और '×' का अर्थ '+' है । इन सूचनाओं के आधार पर 27 + 9 ÷ 2 − 4 × 8 का मान क्या है ?

If '+' means '÷', '÷' means '−', '−' means '×' and '×' means '+'. Based on these information what is the value of 27 + 9 ÷ 2 − 4 × 8 ?

(A) 3 (B) 11
(C) −4 (D) 8

27÷9−2×4+8
3−8+8

80. निम्नलिखित समीकरण गलत है । समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदलना चाहिए ?

The following equation is incorrect. Which two signs should be interchanged to correct the equation ?

1 / 14 * 30 + 20 − 10 = 12

(A) '/', '*' (B) '*', '−'
(C) '−', '+' (D) '+', '/'

81. निम्नलिखित प्रश्न में, आपको एक आकृति (X) दी गई है, जिसके बाद चार वैकल्पिक आकृतियाँ इस प्रकार दी गई हैं कि उनमें से एक में आकृति (X) सन्निहित है । उस वैकल्पिक आकृति का पता लगाइए, जिसमें आकृति (X) इसके हिस्से के रूप में है ।

In the following question, you are given a figure (X) followed by four alternative figures such that figure (X) is embedded in one of them. Trace out the alternative figure which contains fig. (X) as its part.



(X)

(A)  (B) 

(C)  (D) 

82. उस विकल्प को चुनें जो दिए गए संयोजन की दर्पण छवि के निकटतम समान है :

Choose the alternative which closely resembles the mirror image of the given combination :

TARAIN1014A

(A) AI0I4NIARAT (B) A4I0INIARAT
(C) A4I0INIARAT (D) AI0I4NARAIT

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

83. निम्नलिखित प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिए गए हैं । उत्तर के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
आपकी कार में यात्रा करते समय, कुछ लोग आपको रास्ते में रोकते हैं और आपसे एक घायल बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए कहते हैं । आप
(A) उन्हें पहले पुलिस को बुलाने के लिए कहेंगे ।
(B) कार से बाहर निकलेंगे और किसी अन्य व्यक्ति से बच्चे को अस्पताल ले जाने में मदद करने के लिए कहेंगे ।
(C) उन्हें अपना रास्ता छोड़ने के लिए कहेंगे और फिर ड्राइव करके निकल जायेंगे ।
(D) बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जायेंगे ।

In the following question, four probable answers have been given. Select the most appropriate alternative as the answer.
While travelling in your car, certain persons stop you on the way asking you to take an injured child to the hospital. You would –
(A) ask them to first call the police.
(B) get out of the car and ask some other persons to help to take the child to hospital.
(C) ask them to leave your way and then drive away.
(D) immediately take the child to hospital.

84. निम्नलिखित प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिए गए हैं । उत्तर के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
आप एक नई नौकरी के लिए इंटरव्यू दे रहे हैं। निम्नलिखित में से कौन सा प्रश्न आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण है ?
(A) अपने विचारों को विकसित करने और संगठन के कामकाज में सुधार के लिए उनका उपयोग करने की गुंजाइश ।
(B) दिए गए सभी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं ।
(C) पारिश्रमिक आपको भुगतान किया जाएगा ।
(D) पदोन्नति के अवसर ।

To the following question, four probable answers have been given. Select the most appropriate alternative as the answer.
You are interviewed for a new job. Which of the following questions is most important to you ?
(A) Scope to develop your ideas and use them to improve the working of the organization.
(B) All of the given are equally important.
(C) Remuneration you will be paid.
(D) Opportunities for promotion.

निर्देश (प्रश्न संख्या 85 और 86) : दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

सात व्यक्ति जयेश, करण, लकी, मोहन, नरेश, ओम और प्रकाश को सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के सात अलग-अलग दिनों में एक सेमिनार में भाग लेना है, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो । करण को बुधवार को सेमिनार में भाग लेना है । करण और प्रकाश के बीच सेमिनार में केवल एक व्यक्ति को शामिल होना है । प्रकाश के ठीक बाद जयेश सेमीनार में भाग लेता है ।

जितने लोगों को जयेश से पहले सेमिनार में भाग लेना है, उतने ही लोगों को लकी के बाद सेमिनार में भाग लेना है । लकी और मोहन के बीच सेमिनार में केवल एक व्यक्ति को भाग लेना है । ओम को मोहन के ठीक बाद सेमिनार में भाग लेना है ।

